


## अध्याय-2 | संघवाद

**Worksheet-1**

### बहुविकल्पी प्रश्न

1. **भारत में पंचायती राज की स्थापना हुई थी—**

(अ) 2004 में  (ब) 1980 में
(स) 1990 में  (द) 1992 में

2. **बेल्जियम में किस प्रकार की सरकार है?**

(अ) संघीय  (ब) एकात्मक
(स) तानाशाह  (द) इनमें से कोई नहीं

3. **भारत में कुल कितने संघीय राज्य है—**

(अ) 27  (ब) 28
(स) 30  (द) 29

4. **निम्नलिखित में से कौन-सी संघात्मक शासन की विशेषता नहीं है—**

(अ) कठोर संविधान  ब) शक्तियों का वितरण
(स) सर्वोच्च न्यायपालिका  (द) शाक्तियों का केन्द्रीकरण

5. **Coming together नामक संघ में कौन शक्तिशाली होता है?**

(अ) समान शक्तियाँ  (ब) राज्य
(स) कोई शक्ति नहीं होती  (द) केंद्र

6. **भारतीय संघ में अवशिष्ट शक्तियाँ किसको प्राप्त हैं—**

(अ) राज्य को  (ब) संघ को
(स) इनमें से किसी को नहीं  (द) राज्य और संघ को दोनों को

7. **भारतीय संविधान में निम्नलिखित में से कौन-सा विषय संघ सूची में सम्मिलित नहीं किया गया है?**

(अ) विदेश मामले  (ब) मुद्रा
(स) बैंकिंग  (द) कृषि

8. **निम्नलिखित में से कौन-सा संघीय राज्य नहीं है—**

(अ) अरुणाचल प्रदेश  (ब) दिल्ली
(स) हिमाचल प्रदेश  (द) मणिपुर

9. **भारत में संघीय व्यवस्था है क्योंकि—**

(अ) संविधान लचीला है  (ब) इनमें से कोई नहीं
(स) यहाँ शक्तियों का विकेन्द्रीकरण है  (द) यहाँ शक्तियों का केन्द्रीकरण है

मिशन ज्ञान
पढ़ें: जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App

**10. इनमें से कौन-सा विषय राज्य सूची के क्षेत्र में नहीं आता?**

(अ) न्याय
(ब) पुलिस
(स) जेल
(द) शिक्षा

## रिक्त स्थान :

11. भारतीय संविधान में विषयों की ____________ सूचियाँ दी गई हैं।

12. संघीय शासन व्यवस्था वाले देशों ____________ प्रतिशत जनसंख्या विद्यमान हैं।

## सत्य / असत्य

13. संविधान का रखवाला को उच्चतम न्यायालय कहा जाता है।

14. भारत में संघवाद की व्यवस्था संविधान द्वारा प्रदान की गई है।

## अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

15. सत्ता का विकेन्द्रीकरण किसे कहते हैं?

16. 73वाँ सर्वैधानिक संशोधन कब हुआ?

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

17. संघवाद क्या है? इसकी प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

18. अवशेष शक्तियाँ क्या होती है? उन पर कानून बनाने का अधिकार किसके पास होता है?

## निबंधात्मक प्रश्न

19. भारतीय संघ में केन्द्र-राज्य सम्बन्धों का वर्णन कीजिए।

20. संघीय शासन व्यवस्थाओं का गठन कैसे किया जाता है?

## HOTS

21. भारतीय संविधान की विभिन्न सूचियों में दर्ज कुछ विषय यहाँ दिए गए हैं। इन्हें नीचे दी गई तालिका में संघीय सूची, राज्य सूची और समवर्ती सूची वाले समूहों में लिखें।

i. रक्षा; ii. पुलिस; iii. कृषि; iv. शिक्षा;
v. बैंकिंग; vi. वन; vii. संचार; viii. व्यापार;
ix. विवाह।

मिशन ज्ञान
पढ़ें: जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App

Under CSR Support by Ipca | Foundation
missiongyan

JINENDER SONI
Founder, MISSION GYAN

**1.** (द) 1992 में।

**2.** (अ) संघीय।

**3.** (ब) 28

**4.** (द) शाक्तियों का केन्द्रीकरण

**5.** (अ) समान शक्तियाँ

**6.** (ब) संघ को

**7.** (द) कृषि

**8.** (ब) दिल्ली

**9.** (स) यहाँ शक्तियों का विकेन्द्रीकरण है

**10.** (द) शिक्षा का क्षेत्र, समवर्ती सूची के अधिकार क्षेत्र में आता है। शिक्षा को 42वें संविधान संशोधन द्वारा राज्य सूची से हटा कर समवर्ती सूची में शामिल कर दिया।

**11. रिक्त स्थान :** तीन

**12. रिक्त स्थान :** 40%

**13. सत्य / असत्य :** सत्य

**14. सत्य / असत्य :** सत्य

**15. सत्ता का विकेन्द्रीकरण :** संविधान के नियमो के आधार पर सरकार के कार्यों को केन्द्र और राज्य से शक्तियाँ लेकर स्थानीय सरकारों को देना।

**16.** 1992।

**17. संघवाद का अर्थ -** संघवाद संवैधानिक राज संचालन की उस प्रवृत्ति का प्रारूप है, जिसके अन्तर्गत विभिन्न राज्य एक संविदा द्वारा एक संघ की स्थापना करते हैं।
संघीय सरकार की प्रमुख विशेषताएँ निम्नलिखित हैं —

i. **सरकार के दो या अधिक स्तर-** सामान्यतः संघीय शासन व्यवस्था में दो स्तर पर सरकारें होती हैं। एक सरकार सम्पूर्ण देश के लिए होती है एवं दूसरी सरकार राज्य स्तर की होती है।

ii. **दोहो उद्देश्य-** संघीय शासन व्यवस्था में दोहरे उद्देश्य सन्निहित होते हैं।

iii. **नागरिक समूह एक पर अधिकार अलग-अलग-** संघीय शासन व्यवस्था में अलग-अलग स्तर की सरकारें एक ही नागरिक समूह पर शासन करती हैं। उनका अपना अलग-अलग अधिकार क्षेत्र होता है।

iv. **संविधान की सर्वोच्चता-** संघीय व्यवस्था के अन्तर्गत संविधान में सरकार के विभिन्न स्तरों के अधिकार क्षेत्र स्पष्ट रूप से उल्लिखित होते हैं। संविधान सरकार के प्रत्येक स्तर के अस्तित्व एवं अधिकार की गारंटी और सुरक्षा प्रदान करता है।

**18.** वे सभी विषय जो शक्ति विभाजन के अनुसार किसी भी सूची में नहीं है, अवशेष शाक्तियों में शामिल होते हैं। जैसे कंप्यूटर सॉफ्टवेयर। इन विषयों पर कानून बनाने का अधिकार संघीय सरकार के पास होता है।

**19.** भारतीय संघ को सहकारी संघवाद का प्रतीक माना जाता है, जिसका अर्थ है कि केन्द्र और राज्यों के बीच संबंध सौहार्दपूर्ण रहे हैं और टकराव की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई है।

i. **सहकारी संघवाद:** भारत में केन्द्र और राज्यों के बीच संबंधों को सहकारी संघवाद के रूप में देखा जाता है, जिसमें दोनों स्तरों के बीच सामंजस्यपूर्ण सहयोग की भावना है।

ii. **कांग्रेस का प्रभाव:** स्वतंत्रता के बाद कई वर्षों तक कांग्रेस पार्टी ने केन्द्र और राज्यों पर पूर्ण नियंत्रण स्थापित किया। इस दौरान दोनों स्तरों पर कांग्रेस की सरकार होने के कारण संबंध सौहार्दपूर्ण रहे।

iii. **गैर-कांग्रेसी सरकारें:** 1967 के बाद कई राज्यों में गैर-कांग्रेसी मंत्रिमंडल बने, जबकि केन्द्र में कांग्रेस की सरकार रही। इस समय के दौरान, केन्द्र ने राज्यपालों के माध्यम से कुछ गैर-कांग्रेसी सरकारों को भंग किया, जिससे केन्द्र और राज्यों के संबंध तनावपूर्ण हो गए।

iv. **आर्थिक निर्भरता:** राज्यों की आर्थिक स्थिति भी केन्द्र पर निर्भर करती है, क्योंकि केन्द्र ही राज्यों के विकास के लिए अनुदान प्रदान करता है। इस प्रकार, राज्यों की आर्थिक निर्भरता केन्द्र पर बनी रहती है।

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App

v. **केन्द्र की कार्यपालिका शक्ति:** केन्द्र की कार्यपालिका शक्तियाँ राज्यों तक विस्तारित होती हैं। केन्द्र सरकार आवश्यकतानुसार राज्य सरकारों को आदेश और निर्देश देने की क्षमता रखती है।

vi. **न्यायिक संरचना:** भारत में एक ही सर्वोच्च न्यायालय है, जो राज्यों के उच्च न्यायालयों के लिए सर्वोच्च होता है। यह सभी राज्यों में कानून के समान प्रशासन सुनिश्चित करता है।

इस प्रकार, केन्द्र और राज्यों के बीच संबंधों का मिश्रित परिणाम देखने को मिलता है, जिसमें सहयोग और संघर्ष दोनों का समावेश है।

**20.** संघवाद लैटिन शब्द" Foedus" है जिसका अर्थ है एक प्रकार का समझौता या अनुबंध। अर्थात संघवाद सरकार की एक प्रणाली है, जिसमे सत्ता केंद्र और देश की विभिन्न घटक इकाइयों के बीच विभाजित होती है। संघीय शासन व्यवस्थाओं का गठन प्रायः दो प्रकार से किया जाता है:-

i. पहला तरीका है दो से अधिक स्वतन्त्र राष्ट्रों (राज्यों) को लेकर एक बड़ी संयुक्त इकाई का गठन करना। इसमें सभी स्वतन्त्र राज्यों को अपनी संप्रभुता का त्याग करते हैं, अपनी-अपनी पहचान को भी बनाए रखते हैं, अपनी सुरक्षा और खुशहाली के लिए रास्ता अपनाते हैं। जैसे संयुक्त राज्य अमेरिका, स्विटजरलैण्ड और आस्ट्रेलिया आदि। इस प्रकार की शासन व्यवस्था वाले देशों में प्रान्तों को समान अधिकार होते हैं। और वे केन्द्र से अधिक शक्तिशाली होते हैं।

ii. दूसरा तरीका है बड़े देश द्वारा अपनी आंतरिक विविधता को ध्यान में रखते हुए राज्यों का गठन और फिर राज्यों तथा राष्ट्रीय सरकार के बीच सत्ता का बँटवारा करना। इस प्रकार की व्यवस्था में केन्द्र सरकार राज्य सरकारों की अपेक्षा अधिक राक्तिशाली होती है जैसे भारत, ब्रेल्जियम और स्पेन आदि।

**21.**

| | |
|---|---|
| संघीय सूची | रक्षा, सचार, बैंकिंग आदि। |
| राज्य सूची | पुलिस, कृषि, व्यापार, वाणिज्य, सिंचाई आदि। |
| समवर्ती सूची | शिक्षा, वन, विवाह आदि। |

100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App